**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2523**
**उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2022**

**खराब मोबाइल नेटवर्क**

**2523. श्री सुनील कुमार:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में खराब मोबाइल नेटवर्क के संबंध में राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा वन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क को सुव्यवस्थित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या वाल्मीकि नगर लोक सभा क्षेत्र के वन क्षेत्र में नेटवर्क समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और दूरसंचार विभाग (डीओटी) की फील्ड इकाइयों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, यह अनुमान है कि दिसंबर 2020 तक की स्थिति के अनुसार देश भर के बसे हुए 5,97,618 गांवों में से लगभग 5,72,551 गांवों में (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध है और बसे हुए 25,067 गांवों में मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध नहीं है। इनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) सरकार सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के तहत विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं के माध्यम से देश के वन क्षेत्रों में बसे हुए गांवों सहित अनकवर्ड बसे हुए गांवों में चरणबद्ध तरीके से दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग लंबित मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) आवेदनों की मंजूरी संबंधी मामले नियमित रूप से पर्यावरण और वन मंत्रालय तथा राज्य सरकारों सहित विभिन्न मंत्रालयों के समक्ष उठाता है।

(ग) और (घ) वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर ब्लॉक के आठ गांवों नामत: सीतालबाड़ी, रूपवालिया, गार्डी, बैरिया, कलां, बरवा दिह, मजुर्हा और नौरंगिया में 4जी कवरेज उपलब्ध कराने के लिए दिसंबर-2020 से जनवरी-2021 तक यूएसओएफ योजनाओं के तहत पांच बेस ट्रांसीवर स्टेशनों (बीटीएस) को प्रारम्भ किया गया है। इसके अलावा, दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) समय-समय पर अपनी तकनीकी-वाणिज्यिक आवश्यकताओं के आधार पर अपने नेटवर्क की कवरेज और क्षमता में सुधार करने के लिए मोबाइल टावर और बीटीएस स्थापित करते हैं।

ङ) उपरोक्त के मद्देनजर यह प्रश्न नहीं उठता है।

जारी पृ.सं. 2/-

<u>अनुबंध-I</u>

**माननीय संसद सदस्य श्री सुनील कुमार द्वारा "खराब मोबाइल नेटवर्क" के संबंध में पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2523 के उत्तर में दिनांक 16 मार्च, 2022 को दिए जाने वाले उत्तर के पैरा (क) से संदर्भित अनुलग्नक**

**बसे हुए और मोबाइल कनेक्टिविटी रहित गांवों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या संबंधी सूची**

| **क्र, सं** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बसे हुए मोबाइल कनेक्टिविटी रहित गांवों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 151 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1787 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2223 |
| 4 | असम | 616 |
| 5 | बिहार | 245 |
| 6 | छत्तीसगढ | 1847 |
| 7 | गोवा | 28 |
| 8 | गुजरात | 512 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 383 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 154 |
| 11 | झारखंड | 1144 |
| 12 | कर्नाटक | 441 |
| 13 | लद्दाख | 64 |
| 14 | लक्षद्वीप | 1 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 2612 |
| 16 | महाराष्ट्र | 2328 |
| 17 | मणिपुर | 463 |
| 18 | मेघालय | 1674 |
| 19 | मिजोरम | 206 |
| 20 | नगालैंड | 144 |
| 21 | ओडिशा | 6099 |
| 22 | राजस्थान | 941 |
| 23 | सिक्किम | 10 |
| 24 | तमिलनाडु | 49 |
| 25 | तेलंगाना | 153 |
| 26 | त्रिपुरा | 31 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 327 |
| 28 | उत्तराखंड | 426 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 8 |
| | कुल | 25067 |

*******